आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 05.12.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेश में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए प्रवासियों के सहयोग से 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान चलाया जाएगा।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आयुर्वेद के ज्ञान को वर्तमान समय के अनुरूप बनाते हुए इसका अधिक से अधिक प्रसार करने पर जोर दिया।
- उच्च न्यायालय ने अन्य राज्य सेवाओं के अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नति देने के खिलाफ दायर याचिका खारिज की।
- प्रदेश में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 8 दिसम्बर को 39 जिलों में पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

000

प्रदेश में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए प्रवासियों के सहयोग से 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन लाल यादव के साथ इस अभियान पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश, गुजरात और बिहार में निवास कर रहे राज्य के प्रवासी नागरिकों की ओर से 45 हजार गांवों में भूजल पुनर्भरण के लिए आधुनिक रिचार्ज शॉफ्ट्स का निर्माण किया जाएगा। इससे भूजल स्तर में बढ़ोतरी होगी और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। श्री शर्मा ने उम्मीद जताई कि यह अभियान जल संरक्षण के क्षेत्र नया अध्याय लिखेगा। ये अभियान न केवल जल संसाधनों के संरक्षण में सहायक साबित होगा बल्कि प्रवासियों को मातृभूमि के विकास में योगदान का अवसर भी प्रदान करेगा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि आयुर्वेद के ज्ञान को वर्तमान समय के अनुरूप बनाते हुए इसका अधिक से अधिक प्रसार किया जाए। उन्होंने आयुर्वेदिक औषधियों पर शोध और अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ असाध्य रोगों में भी इनके उपयोग के परीक्षण और प्रसार की दिशा में काम करने आह्वान किया है। श्री बागड़े आज जोधपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा 'आयुर्वेदिक औषधि मानकीकरण–चुनौतियां और समाधान' विषय पर आयोजित अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने आयुर्वेदिक औषधियों के विपणन की कारगर नीति पर भी काम करने का जोर दिया। उन्होंने आयुर्वेदिक औषधियों के पेटेंट की दिशा में भी काम करने की जरूरत बताई। राज्यपाल ने इससे पहले विश्वविद्यालय के अंतर्गत बने होम्योपैथी महाविद्यालय के भवन का भी लोकार्पण किया।

000

केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि केन्द्र सरकार संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के मूल्यों और नैतिकता की रक्षा तथा वंचितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में श्री मेघवाल ने बताया कि 2017 में नई दिल्ली में डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना जैसी योजनाओं और पहलों के माध्यम से दुनिया को श्री अम्बेडकर के योगदान और आदर्शों से अवगत कराया जा रहा है।

000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रोबा–3 उपग्रह को ले जाने वाले पीएसएलवी सी 59 प्रक्षेपण यान का सफल प्रक्षेपण किया। प्रक्षेपण यान ने श्रीहरिकोटा से शाम चार

बजकर चार मिनट पर उड़ान भरी। प्रक्षेपण के बाद इसरो ने सोशल मीडिया पर इस बारे में जानकारी दी। प्रोबा–3 यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत दो उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। पीएसएलवी सी–59 उड़ान भरने के 18 मिनट बाद अपनी निर्धारित कक्षा में पहुंच गया और उसने 545 किलोग्राम वजन के दो उपग्रहों को पृथ्वी से 600 किलोमीटर ऊपर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। ये दोनों उपग्रह सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेंगे।

000

उच्च न्यायालय ने आज आरएएस सेवा के अलावा राज्य सेवाओं के अन्य अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नति देने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता पर पांच लाख रुपए का हर्जाना भी लगाया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। उच्च न्यायालय के इस निर्णय से गैर आरएएस से आईएएस में पदोन्नति पर करीब तीन साल पहले लगी रोक भी हट गई है। इस मामले में सरकार की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने आकाशवाणी को बताया कि न्यायालय ने अन्य सेवाओं के अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नत करने के फैसले को सही ठहराया है।

000

प्रदेश में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 8 दिसम्बर को 39 जिलों में पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान के तहत 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्वास्थ्य विभाग में टीकाकरण के परियोजना निदेशक डॉक्टर रघुराज सिंह ने आकाशवाणी को बताया कि 87 लाख बच्चों को पोलियो रोधी खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके लिए 46 हजार 887 बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान में 60 हज़ार दल लगाए जाएंगे। डॉ रघुराज ने कहा कि पोलियो के सुरक्षा चक्र के लिए बच्चों को ये दवा पिलाना बहुत जरूरी है।

000

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, अजमेर ने राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली 9वीं कक्षा की छात्राओं को साइकिल देने का कार्यक्रम अब 12 दिसम्बर को रखा है, जो पहले 14 दिसम्बर को निर्धारित था। साइकिल वितरण के लिए 12 दिसम्बर को सभी जिलों में वर्चुअल कार्यक्रम होंगे। शिक्षा सत्र 2024–25 में राज्य की सवा तीन लाख बालिकाएं साइकिल के लिए पात्र हैं। वर्चुअल कार्यक्रम में सवा लाख छात्राओं को साइकिल दी जाएगी।

000

पाली जिले के रानी में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा लैंगिक उत्पीड़न पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं पर होने वाले यौन उत्पीड़न पर विशेष जानकारी दी गई और 2013 में बने इस एक्ट के बारे में बताया गया। साथ ही, कार्यक्रम में सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के लिए निःशुल्क आरएससीआईटी कोर्स के बारे में भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना है।

000

आज विश्व मृदा दिवस है। इस वर्ष इसकी थीम केअरिंग फॉर सॉइल : मेजर, मॉनिटरिंग, मैनेज है। इस मौके पर प्रदेश में किसानों को जागरुक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। जोधपुर में कृषि अधिकारियों ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता के बारे में जानकारी दी। पाली में इस मौके पर कृषि भवन के अत्याधुनिक मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में किसानों द्वारा मिट्टी के नमूने दिये गये हैं। वैज्ञानिक तरीके से इन नमूनों को अध्ययन कर इसकी रिपोर्ट किसानों को दी जाएगी।

परीक्षण प्रयोगशाला के वैज्ञानिक चंद्रपाल सिंह राणावत ने किसानों को समय–समय पर मिट्टी की जाँच करवाने का आग्रह किया। दौसा के धनतूरी गाँव में इस उपलक्ष में किसान संगोष्ठी आयोजित की गई। कृषि अधिकारियों ने

इस दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया। साथ ही किसानों को कार्ड की सिफारिश के अनुसार खाद के उपयोग की जानकारी दी।

000

जोधपुर में रहने वाले पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से 129 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता दिलाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस पोर्टल से आवेदन करने वाले व्यक्ति को पता चल जाएगा कि उसका आवेदन किस स्टेज पर है और क्यों रुका हुआ है। जिला प्रशासन पाक विस्थापितों को पोर्टल के माध्यम से बताई जाने वाली परेशानियों का निस्तारण करने के लिए उनसे संपर्क भी करता है। जोधपुर में रहने वाले 402 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता मिली है, जबकि 60 को स्वीकृति पत्र जारी किया गया है। वहीं पोर्टल में उन 129 लोगों को रखा गया है, जिन्होंने सीएए के बाद आवेदन किया है।

000

गृह रक्षा स्थापना सप्ताह के तहत आज सवाईमाधोपुर में होमगार्ड स्वयं सेवकों ने जन चेतना वाहन रैली निकाली। रैली को कंपनी कमाण्डर करनाराम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया की आमजन में गृह रक्षा विभाग की भूमिका, उनकी सेवा और महत्व के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से इस रैली का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया की रैली के माध्यम से यातायात सुरक्षा, पर्यायवरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन के बारे में भी आमजन को जागरूक किया गया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर प्रदेशभर में 12 दिसम्बर से विभिन्न आयोजन होंगे। इसी के कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर आज डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। सलूम्बर में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। प्रमुख कार्यक्रमों में विकसित राजस्थान के लिए दौड़, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, रोजगार विभाग द्वारा कार्यक्रम और किसान सम्मेलन शामिल हैं।

000

शाहपुरा में 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आपसी सहमति से मामलों का निपटारा किया जाएगा। साथ ही, निशुल्क कानूनी सलाह भी दी जाएगी। इससे पहले, फूलियाकलां तहसील कार्यालय परिसर में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं ने आमजन को लोक अदालत के बारे में जागरूक किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाएगा और मुफ्त कानूनी सलाह भी दी जाएगी।

000